उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश के आसार

चंडीगढ, 01 जुलाई. उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में आगामी सप्ताह के दौरान मानसूनी गतिविधियों में काफी तेजी आने के आसार हैं. मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को बताया कि हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई हिस्सों में छह जुलाई तक व्यापक स्तर पर बारिश, गरज के साथ बिजली गिरने और तेज हवाएं चल सकती हैं.



मानसून की सक्रियता बढ़ने से गर्मी और उमस से राहत मिलेगी, हालांकि निचले इलाकों में जलभराव और मौसम संबंधी व्यवधान की आशंका को देखते हुए प्रशासन को सतर्क रहने की सलाह दी गयी है. दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश और लद्दाख के अधिकतर हिस्सों तक आगे बढ़ चुका है. अगले दो से तीन दिनों में मानसून के उत्तर अरब सागर, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दमन एवं दीव, उत्तराखंड के शेष भागों, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब तथा राजस्थान के कुछ हिस्सों में और आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं. हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में बुधवार को हल्की बारिश, दो से छह जुलाई के बीच अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है.

बिजली गिरने से दो लोगों ने गंवाई जान

मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र के गांगन वाली मैनाठेर गांव में गौशाला के पास बुधवार की सुबह करीब नौ बजे खेत में काम कर रहे लोगों पर बिजली गिर गई. जिसमें विनीता (21)और संतराम (30) की मौत हो गई जबकि सपना, देवांशी और कामिनी घायल हो गई. घायलों को साईं अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

रेड्डी का बयान कांग्रेस के अहंकार और संस्कृति का प्रतीक : भाजपा

नई दिल्ली, 01 जुलाई.भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन के बारे में अनभिज्ञता जताने को लेकर तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी पर निशाना साधा है और उनके बयान को कांग्रेस की अहंकार संस्कृति का प्रतीक बताया है.

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि श्री नवीन तेलंगाना के दौरे पर थे, जहाँ उन्होंने कई बैठकें कीं और कहा था कि भाजपा 2028 में राज्य में जीत हासिल करेगी. उन्होंने कहा कि श्री नवीन के दौरे को लेकर श्री रेड्डी ने जो शब्द कहे, वह न केवल निंदनीय हैं, बल्कि कांग्रेस पार्टी के अहंकार और संस्कृति को भी दर्शाते हैं. उन्होंने कहा, श्री रेड्डी ने कहा कि हाल ही में तेलंगाना में कोई आया था, उसका नाम नवीन या कुछ है, मैं नहीं जानता वो कौन हैं? मैं उनका नाम भी नहीं जानता हूं. श्री रेड्डी आप भारत के एक राज्य के मुख्यमंत्री हैं.

डेमोग्राफिक बदलावों पर हुई हाई लेवल कमेटी की अहम बैठक

- गृह मंत्री ने समिति को शीघ्र रिपोर्ट देने का सुझाव दिया
- डेमोग्राफिक पर बनी समिति की कार्ययोजना तैयार

नई दिल्ली, 01 जुलाई. जनसांख्यिकीय बदलावों पर गठित हाई लेवल कमेटी ऑन डेमोग्राफिक चेंजेज ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

बैठक में समिति ने अपनी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि वह विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा कर जमीनी स्तर पर जानकारी जुटाएगी तथा केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों से भी जनसंख्या में बदलाव से जुड़े मुद्दों पर फीडबैक लेगी।

समिति ने गृह मंत्री को बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दौरों को अधिक प्रभावी और इंटरैक्टिव बनाने के लिए एक विस्तृत प्रश्नावली तैयार की गई है। इसके माध्यम से संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से पहले ही आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाएगी, ताकि अध्ययन अधिक व्यापक और तथ्यात्मक हो सके।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने समिति की कार्ययोजना की सराहना करते हुए गृह सचिव को निर्देश दिया कि समिति को उसके नियमित कार्यों और दौरों के दौरान हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने समिति से जल्द से जल्द अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करने का भी सुझाव दिया। यह हाई लेवल कमिटी देश के विभिन्न हिस्सों में अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों का वैज्ञानिक आकलन करेगी.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2025 को 'हाई-पावर्ड डेमोग्राफी मिशन' की घोषणा की थी। इसके बाद भारत सरकार ने अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों का अध्ययन करने तथा उनसे निपटने के उपाय सुझाने के लिए इस उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर समिति के अध्यक्ष हैं। समिति में जनगणना आयुक्त के अलावा सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी बालाजी श्रीवास्तव और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) की सदस्य डॉ. शमिका रवि को सदस्य बनाया गया है।

धक्का देने से पहले मांगा था केतन का फोन

- सबूत मिटाने के लिए रची गई साजिश

मुंबई, 01 जुलाई. पुणे हत्याकांड मामले में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं. पुलिस ने बुधवार को बताया कि केतन अग्रवाल का मोबाइल फोन उनकी मंगेतर सिया गोयल के पास कुछ समय तक रहा. इसके बाद उन्होंने इसे उनके परिवार को सौंप दिया. पुलिस ने कथित हत्या मामले की जांच का हवाला देते हुए यह जानकारी दी.

आरोप है कि 18 जून को पुणे जिले के लोहागढ़ किले में गोयल (20) और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी (22) ने अग्रवाल को एक चट्टान से धक्का देकर मार डाला था. केतन और सिया की शादी इसी साल नवंबर में होने वाली थी. कथित हत्या के बाद सिया और चेतन को गिरफ्तार कर लिया गया है. उन्हें 3 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है. सोमवार को दोनों आरोपियों की पुलिस हिरासत बढ़ाने की मांग करते हुए अभियोजन पक्ष ने अदालत को सूचित किया कि जांचकर्ता यह पता लगाना चाहते हैं कि सिया ने केतन के फोन से उस दौरान कोई सबूत डिलीट या नष्ट किया था या नहीं, जब वह डिवाइस उसके पास था. इस बीच, पुणे ग्रामीण पुलिस ने बुधवार को सह-आरोपी चेतन के साथ अपराध स्थल का पुनर्निर्माण किया, जिसने कथित तौर पर अग्रवाल की हत्या की साजिश में भूमिका निभाई थी.

आईएएस से रिटायर हो जाऊंगा लेकिन जनसेवा से कभी नहीं : मुंढे

नागपुर, 01 जुलाई. महाराष्ट्र के बेहद चर्चित ईमानदार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी तुकाराम मुंढे ने कहा है कि वह भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त तो होंगे लेकिन जनसेवा से कभी सेवानिवृत्त नहीं होंगे.

श्री मुंढे के इस बयान के बाद राज्य के राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक हलकों में उनके भविष्य की भूमिका को लेकर व्यापक अटकलें तेज हो गयी है. श्री मुंढे ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में लिखा , जो व्यक्ति धारा के विपरीत दिशा में जाता है वह मूर्ख नहीं होता, बल्कि साहसी होता है. यदि मैं नहीं कर सकता, तो और कौन कर सकता है. इस संदेश ने उनके अगले कदम को लेकर चर्चाओं को हवा दे दी है, हालांकि उन्होंने अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है. अपनी सख्त प्रशासनिक शैली और नियमों के प्रति समझौता न करने वाले रवैये के लिए व्यापक रूप से जाने जाने वाले श्री मुंढे के बयान को इस संकेत के रूप में देखा जा रहा है कि वह आईएएस सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद भी सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रूप से जुड़े रहने का इरादा रखते हैं। उनकी टिप्पणियों से यह अटकलें भी शुरू हो गई हैं कि वह सामाजिक क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं.

सोमनाथ घोष मलेशिया में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त

नई दिल्ली, 01 जुलाई. भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी सोमनाथ घोष को मलेशिया में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है. उन्हें बी एन रेड्डी के स्थान पर यह जिम्मेदारी दी गयी है. विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी. घोष विदेश सेवा के 1997 बैच के अधिकारी हैं और शिकागो में भारत के महावाणिज्यदूत हैं. मंत्रालय ने कहा है कि घोष जल्द ही अपना पदभार संभालेंगें. भारत और मलेशिया के बीच प्राचीन काल से ही मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं और हाल के वर्षों में यह साझेदारी और मजबूत हुई है.

एक नजर में

बेल्जियम के एंटवर्प में भीषण अग्निकांड

बेल्जियम, 01 जुलाई. यूरोप के शांत और खूबसूरत देश बेल्जियम से एक दिल दहला देने वाली भयावह हादसे की खबर सामने आई है. यहां एंटवर्प शहर में 10 मंजिला अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई. इस अग्निकांड में कई लोगों की दर्दनाक मौत होने और झुलसने की खबरें हैं. हालांकि इस अग्निकांड में मृतकों और घायलों की सही संख्या का खुलासा नहीं हुआ है. खबरों के अनुसार, यह भीषण आग आज सुबह एंटवर्प के लिंकेरोएवर जिले में आवासीय बिल्डिंग की 8वीं मंजिल पर लगी. इस बिल्डिंग में 200 से अधिक लोग रह रहे थे. यूरोप के शांत और खूबसूरत देश बेल्जियम से एक दिल दहला देने वाली भयावह हादसे की खबर सामने आई है. यहां एंटवर्प शहर में 10 मंजिला अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई. इस अग्निकांड में कई लोगों की दर्दनाक मौत होने और झुलसने की खबरें हैं. हालांकि इस अग्निकांड में मृतकों और घायलों की सही संख्या का खुलासा नहीं हुआ है.

खरगे ने स्वास्थ्यकर्मियों को दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली, 01 जुलाई. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डॉक्टरों तथा समूचे स्वास्थ्यकर्मी समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण, करुणा और सेवा भावना की सराहना की है. खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में बुधवार को कहा कि बचायी गयी हर जिंदगी पर डॉक्टरों की करुणा, कौशल और अटूट कर्तव्यनिष्ठा की छाप होती है. उन्होंने डॉक्टरों के साथ-साथ नर्सों, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सभी अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी निस्वार्थ सेवा देश को स्वस्थ और सशक्त बनाये रखती है. उन्होंने इस अवसर पर बिधान चंद्र रॉय को भी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनकी जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है.

आज से लागू हुई दिल्ली सरकार की नयी ईवी नीति : सीएम रेखा

नई दिल्ली , 01 जुलाई. दिल्ली सरकार ने राजधानी में स्वच्छ, आधुनिक और प्रदूषण मुक्त परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति, 2026 को अधिसूचित कर दिया है. यह नीति 1 जुलाई, 2026 से प्रभावी हो गई है और 31 मार्च, 2030 तक लागू रहेगी.

नई नीति का उद्देश्य दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने के साथ-साथ वायु गुणवत्ता में सुधार करना, पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम करना, चार्जिंग एवं बैटरी स्वैपिंग अवसंरचना का व्यापक विस्तार करना तथा इलेक्ट्रिक वाहन आधारित मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र (ईको-सिस्टम) विकसित करना है. नीति के अंतर्गत वित्तीय प्रोत्साहन, डिजिटल पारदर्शिता, संस्थागत निगरानी तथा पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को समान महत्व दिया गया है.

आज का इतिहास

1306	अलाउद्दीन खिलजी ने सिवाणा पर आक्रमण किया.
1698	थॉमस सावेरी ने भाप इंजन का पेटेंट कराया.
1757	प्लासी की लड़ाई में हार के बाद बंगाल के अंतिम नवाब सिराजुद्दौला की हत्या हुई.
1777	वर्मोंट अमेरिका का पहला राज्य बना जिसने गुलामी को समाप्त किया.
1861	कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ.
1901	प्रसिद्ध उड़िया कवि, उपन्यासकार, कहानीकार, नाटककार और निबंधकार कालिंदी चरण पाणिग्रही का जन्म.

शिवराज सिंह चौहान ने किया हवाई सर्वे

अरुणाचल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

ईटानगर, 01 जुलाई. अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए भेजे गए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और किरेन रीजीजू ने राज्य को राहत एवं पुनर्वास कार्यों के साथ-साथ बाढ़ से बचाव के दीर्घकालिक उपाय करने में केंद्र के पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया.

अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद पिछले सात दिनों में चार लोगों की मौत हो गई, 21 लोग घायल हो गए और दो लोग लापता हैं, जबकि बड़े पैमाने पर मकानों, सड़कों, पुलों और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है.

शिवराज ने रीजीजू और मुख्यमंत्री पेमा खांडू के साथ बाढ़ प्रभावित केयी पन्योर जिले का हवाई एवं जमीनी सर्वेक्षण करने के एक दिन बाद कहा कि केंद्र अरुणाचल प्रदेश को राहत प्रदान करने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करेगा. अरुणाचल से लोकसभा सदस्य रीजीजू ने प्रभावित लोगों की मदद करने की केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई और बार-बार आने वाली बाढ़ का स्थायी समाधान तलाशने पर जोर दिया.

हस्तियों के ट्वीट



तिब्बती बौद्ध धर्म के सबसे प्रमुख आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि जिसे हम आशीर्वाद कहते हैं, उसे लेकर मैं थोड़ा संशय में रहता हूँ. मेरा मानना है कि आशीर्वाद का असली स्रोत हमारे भीतर ही है.

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा किभारी बारिश के बाद राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा से बात की। मदोनेर- इंडिया राज्य को हर ज़रूरी मदद दे रहा है और मेघालय सरकार के साथ लगातार संपर्क में है।

केजरीवाल के गृह मंत्री से 5 सवाल

नई दिल्ली, 01 जुलाई. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए देश के गृह मंत्री शाह से 5 सवाल..पूछा है... उन्होंने सवाल में पूछा कि

1) आप आज तक राम मंदिर क्यों नहीं गए?

2) क्या आपका भगवान राम के दर्शन करने का मन नहीं करता?

3) क्या आपका राम मंदिर जाने का मन नहीं करता?

4) क्या आपको भगवान राम के आशीर्वाद की जरूरत नहीं है?

5) क्या आप भगवान राम को भगवान मानते हैं?

केजरीवाल ने ये भी आरोप लगाया है कि बीजेपी ने सनातन का केवल सत्ता और पैसे के लिए इस्तेमाल किया है.सिर्फ़ आम आदमी पार्टी आज सनातन के लिए सच्ची भावना से काम कर रही है. जिन चंदा चोरों को लगता है कि भगवान राम पत्थर की मूर्ति हैं, उन्हें भगवान राम की शक्ति का अंदाजा नहीं है. भगवान राम इन्हें जरूर दंड देंगे. कानून को भी इन चंदा चोरों को दंड देना चाहिए, लेकिन मौजूदा सरकार ऐसा कभी नहीं करेगी. सब मिले हुए हैं. अगर चंदा चोरों को दंड देना है, तो पहले सरकार बदलो. पूरे समाज को भी चंदा चोरों और इनके सहयोगियों का बहिष्कार करके इन्हें दंड देना चाहिए.

स्वर्ण तस्करी गिरोह से नौ किलो सोना जब्त आठ लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली , 01 जुलाई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सीमा पार से सोने की तस्करी के खिलाफ निरंतर अभियान के तहत दिल्ली स्थित एक और स्वर्ण तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इस अभियान में एजेंसी ने विदेशों से तस्करी कर लाया गया लगभग नौ किलोग्राम सोना, 42 किलोग्राम चांदी, 8.15 करोड़ मूल्य की विदेशी मुद्रा तथा 26.67 लाख रुपये की नकदी जब्त की है। यह गिरोह उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के रास्ते तस्करी के सोने को माल पहुंचाने वाले अलग-अलग व्यक्तियों के माध्यम से दिल्ली पहुंचाता था।

सचिन अहीर निर्विरोध बने विधानसभा उपाध्यक्ष

मुंबई, 01 जुलाई. शिवसेना विधान परिषद सदस्य सचिन अहीर बुधवार को महाराष्ट्र विधान परिषद के उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए. संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने विपक्ष से अपना नामांकन वापस लेने का अनुरोध किया, जिसके बाद विपक्षी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस ले लिया. इसके बाद सदन में एक प्रस्ताव पारित किया गया और सचिन अहीर को सर्वसम्मति से महाराष्ट्र विधान परिषद का उपाध्यक्ष चुना गया.

महाराष्ट्र विधान परिषद में उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव आज दोपहर 1 बजे हुआ. महायुति शिवसेना (शिंदे गुट) के एमएलसी सचिन अहीर और महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के एमएलसी जेएम अभ्यंकर (ठाकरे गुट) के खिलाफ चुनाव लड़ रही थी. एकनाथ शिंदे ने सचिन अहीर के पार्टी में शामिल होने और उम्मीदवारी को पूरी तरह गुप्त रखा. हालांकि, अंतिम समय में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, चंद्रकांत पाटिल और नीलम गोरहे की उपस्थिति में सचिन अहीर का नामांकन दाखिल किया गया.

इस घटनाक्रम का स्वागत करते हुए महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसात ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के भीतर आंतरिक कलह की अफवाहों को खारिज कर दिया. पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'हम सभी ने सचिन अहीर के आगमन का स्वागत किया है, जो हमारे हित में हुआ है. इससे कोई नाराज नहीं है. ये सब सिर्फ अफवाहें हैं. चाहे बात मंत्रिमंडल के विस्तार की हो या उपसभापति पद की, हर किसी की ऐसी आकांक्षाएं होती हैं, हालांकि सबकी आकांक्षाएं पूरी नहीं होतीं, इसलिए कभी-कभी असंतोष देखने को मिलता है. एकनाथ शिंदे इन आकांक्षाओं को पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे.'

आश्वासन

नवाचार हमारी सोच, हमारी प्रणालियों तथा हमारी क्षमता निर्माण प्रक्रिया का अभिन्न अंग बना रहेगा

राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह तत्पर है सेना : जनरल सेठ

नई दिल्ली, 01 जुलाई. नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि भारतीय सेना राष्ट्र की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता तथा राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सदैव पूरी तरह तत्पर रहेगी.

जनरल सेठ ने बुधवार को यहां सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि 31वें सेना प्रमुख का दायित्व ग्रहण करना उनके लिए अत्यंत गौरव और विनम्रता का क्षण है. उन्होंने कहा, इन्हें मैंने विजय संक्षिप्त रूप में समाहित किया है. विजय का प्रत्येक अक्षर मेरी प्राथमिकताओं का प्रतिनिधित्व करता है. इसमें व का अर्थ है सतर्कता. हम अपनी सीमाओं तथा उभरते हुए खतरों के प्रति निरंतर सजग रहेंगे. साथ ही, राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष उत्पन्न होने वाली किसी भी चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए उच्च स्तर की परिचालन तत्परता बनाए रखेंगे. ई का अर्थ है नवाचार और रूपांतरण. मेरा विशेष ध्यान सैन्य सिद्धांतों तथा प्रौद्योगिकी आधारित समाधानों में नवाचार पर रहेगा. नवाचार हमारी सोच, हमारी प्रणालियों तथा हमारी क्षमता निर्माण प्रक्रिया का अभिन्न अंग बना रहेगा. साथ ही, युद्ध की बदलती प्रकृति के अनुरूप आवश्यक रूपांतरण भी किए जाएँगे. उन्होंने कहा कि विजय में ज का अर्थ है संयुक्तता और एकीकरण. भारतीय सेना की परिचालन क्षमता को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए हम भारतीय वायु सेना तथा भारतीय नौसेना के साथ पूर्ण समन्वय और सामंजस्य बनाए रखेंगे. मैं भली-भाँति समझता हूँ कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सैन्य शक्ति तक सीमित नहीं है.

लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन, एवीएसएम, एसएम ने बुधवार को भारतीय सेना के उप थल सेनाध्यक्ष (वाइस चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ) का पदभार ग्रहण किया.

लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर, एवीएसएम, वीएसएम ने 1 जुलाई, 2026 को भारतीय सेना की दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) के रूप में कार्यभार संभाल लिया.

एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने 1 जुलाई, 2026 को चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीओएससी) के अध्यक्ष के एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख (सीआईएससी) का पदभार ग्रहण किया.

भारतीय वायुसेना में महत्वपूर्ण बदलाव के तहत एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने मंगलवार, एक जुलाई को उप वायुसेनाध्यक्ष (वाइस चीफ ऑफ द एयर स्टाफ) का पदभार ग्रहण कर लिया.

नायब सैनी का अंबाला को बड़ा तोहफा

अंबाला, 01 जुलाई. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को नारायणगढ़ में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की जनता को 337 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कुल 7 महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजनाओं का शुभारंभ किया और साथ ही 'डॉक्टर्स डे' के अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े सभी कर्मयोगियों को बधाई दी .समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह अवसर पूरे हरियाणा के लिए ऐतिहासिक है. यह केवल विकास परियोजनाओं का उद्घाटन नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और समृद्ध हरियाणा के निर्माण का हमारा संकल्प है. हमारी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी जनकल्याण के कार्यों को दोगुनी गति से आगे बढ़ा रही है.